हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 22 मई 2026

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री


10 पेयजल का प्रबंधन व रखरखाव का जिम्मा ...



10 समाधान शिविर में समस्याओं की गंभीरता से सुनवाई



Superstar Woodstock Public School, Jind - 2026




## स्कूल बसों को जांचा, छह हजार रुपये का ठोका जुर्माना

**जींद।** जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय टीम ने गुरूवार को स्कूली बसों की जांच का अभियान चलाया गया। टीम द्वारा पांच स्कूलों में 16 बसों को जांचा गया। चार बसों में सीसी टीवी कैमरे, फायर सिलेंडर व फस्ट एड बाक्स नहीं मिलने पर छह हजार रुपये का चालान किया गया। वहीं गत सप्ताह 21 बसों की जांच की गई थी। इसमें से आठ बसों में कैमरा, फस्ट एड बाक्स, फायर सिलिंडर, टैक्स व इंडिकेटर नहीं मिलने पर साढ़े 62 हजार रुपये का चालान किया गया गया था। गौरतलब है कि हर गुरूवार को को जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय टीम स्कूली बसों की जांच को लेकर अभियान चलाती है। जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसमें जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय से इंस्पेक्टर, एमवीआई, ट्रैफिक पुलिस से सब इंस्पेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाता है।

**बस से संबंधित सभी दस्तावेज पूरे रखें:** जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय के इंस्पेक्टर बलजीत सिंह ने बताया कि स्कूली बसों की जांच के लिए हर गुरूवार को अभियान चलाया जाता है। जांच के दौरान जो-जो कमियां पाई जाती हैं, उसी आधार पर बसों का चालान किया जाता है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इसका मुख्य उद्देश्य स्कूली बसों की जांच कर विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित परिवहन सुविधा मुहैया करवाना है। ऐसे में सभी बस संचालकों को चाहिए कि वह बस से संबंधित सभी दस्तावेज पूरे रखें।

## हांसी ब्रांच नहर में डूबने से अधेड़ व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मीट मार्केट के निकट घोड़ा पुली पर हांसी ब्रांच नहर में गिर की डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने मृतक के शव का नागरिक अस्पताल मे पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। तेलियान मोहल्ला निवासी दर्शन लाल (54) दोपहर बाद हर रोज की भांति ताश खेलने बुजुर्गों के पास जा रह था। मीट मार्केट हांसी ब्राच नहर पर बनी घोड़ा पुली को पार कर रहा था तो वह नहर में गिर गया। उस दौरान किसी का ध्यान उस तरफ नही गया। वह पानी मे डूब गया और बहता हुआ रेलवे पुल के पास पहुंच कर अटक गया। वहां पर नहा रहे लोगों का ध्यान पानी में अटके शव पर पड़ा। सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान भी परिजनों ने कर ली।

NIILM® University
Estd. in 2011
A STATE PRIVATE UNIVERSITY UNDER SECTION 2(F) OF UGC ACT, 1956
ADMISSIONS OPEN 2026

FUTURE STARTS HERE

AI INTEGRATED LEARNING
INDUSTRY COLLABORATIONS
GLOBAL EXPOSURE
100% PLACEMENT ASSISTANCE




NORTH'S FIRST AI-ENABLED CAMPUS

OUR INDUSTRY ORIENTED PROGRAMS

**Commerce & Management**
- BBA
  AI, Cyber Security, Data Science, Web Development, Digital Marketing, HR, Finance, Aviation Management, Logistics & Supply Chain Management
- BMS
  Management Studies
- B.Com/M.Com
- MBA
  Marketing, Finance, HR, International Business, Insurance, Agri Business, AI, Web Development & Digital Marketing
- Diploma in Stock Market / Tally & Accounting

**Agriculture**
- Diploma in Agriculture
- B.Sc. (Hons.) in Agriculture
- M.Sc. in Agriculture

**Library Sciences**
- D.Lib. in Library & Information Science
- B.Lib. in Library & Information Science
- M.Lib. in Library & Information Science

**Performing & Fine Arts**
- Bachelors of Fine Arts (BFA)
- Masters of Fine Arts (MFA

**Engineering & Technology**
- Diploma
  Computer, AI & ML, Data Science, Mechanical/Robotics & Automation, Civil, Electrical, ECE, Cyber Security
- B.Tech.
  CSE (Cloud Computing, IOT, Cyber Security, Blockchain), AI & ML, Data Science, Civil, Mechanical/Robotics, Electrical, ECE, Electric Vehicles, Food Technology, Agriculture Engineering, Fire Engineering
- M.Tech.
  Civil Engineering, Robotics & Automation Robotics & AI, Mechanical Engineering, Electrical Engineering, ECE, Computer Science Engineering
- Diploma in Fire Technology & Safety
- B.Sc. in Fire Technology & Safety

**Social Science & Humanities**
- Certificate in French/German
- Diploma in Early Childhood Care & Education
- PG Diploma in Guidance Counselling/Translation (English)
- B.A./M.A.
  English, Hindi, Punjabi, Sanskrit, Political Science, Public Administration, Sociology, Social Work, History, Economics, Psychology, Geography, Yoga, Music, Home Science

**Pharmaceutical Science**
- D.Pharmacy
- B.Pharmacy

**Computer Science**
- DCA/PODCA
- BCA
  AI, Cyber Security, Data Science, Web Development, Cloud Computing
- B.Sc./M.Sc. in Computer Science
  AI, Data Science, IT, Web Design, Web Development, Cloud Computing
- MCA

**Applied Science**
B.Sc./B.Sc. (Hons.)
  Life Science, Physical Science, Physics, Chemistry, Mathematics, Botany, Statistics, Deology, Zoology, Microbiology, Biochemistry, Biotechnology, Forensic Science, Environmental Science, Home Science, Food Technology, Geography
- PG Diploma/B.Sc. (Hons.) in Geoinformatics
- M.Sc.
  Psychology, Geography, Physics, Chemistry, Mathematics, Botany, Statistics, Geology, Zoology, Microbiology, Blochemistry, Biotechnology, Forensic Science, Environmental Science, Home Science, Food Tectnology

**Journalism & Mass Communication**
- PG Diploma in Journalism & Mass Communication
- B.Sc. in Multimedia, Graphics & Animation; Journalism & Mass Communication
- M.Sc. in Multimedia, Graphics & Animation; Journalism & Mass Communication

**Design**
- Certificate/Diploma in Beauty & Wellness
- B.Sc. in Beauty & Welliness, Cosmetology
- Diploma in Apparel Design/Fashion Technology
- B.Sc./M.Sc. in Fashion Designing, Interior & Furniture Designing
- B.Design/M.Design
  Fashion & Textile Designing, Game Design, UI/UX

**Hospitality & Tourism Management**
- Diploma in Hotel Management
  Tourism Management, Food & Beverage Service, Food Production, Bakery & Confectionery, Culinary Arts
- BHMCT in Hotel Management & Catering Technology
- MHMCT in Hotel Management & Catering Technology

**Legal Studies**
- Post Graduate Diploma
  Cyber Law, Criminology, Forensic Science, Labor Law, Business Low, intellectual Law
- LL.B
- B.A. LL.B
- BBA LLB
- B.Com LLB
- LL.M

**Paramedical & Allied Health Sciences**
- Diploma
  Radiology & Imaging Technology, Radiotherapy, Optometry, Medical Lab Technology, Technician X-Ray Technology, Critical Care Technology, Cardiovascular Technology, Panchkarma
- B.Sc. (Hons.)
  Cardiovascular Technology, CSSD (Central Sterilization Supplying Dept
- M.Sc.
  Cardiovascular Technology, CSSD (Central Sterilization Supplying Dept
- Bachelor in Nutrition & Dietetics
- MHA in Hospital Administration
- BPH in Public Health
- MPH in Public Health

**Yoga & Physical Education**
- Diploma/PG Diploma in Yoga, Physical Fitness Trainer
- D.P.Ed/B.P.Ed/M.P.Ed
- BPES in Physical Education & Sports
- MPES in Physical Education & Sports
- B.Sc./M.Sc. in Yoga

**Research-Doctoral Programmes**
- Ph.D.
- D.Litt.
- D.Sc.
- LL.D.

TOP RECRUITERS

Learn . Innovate . Lead
Your Pathway to Future
LIMITED SEATS APPLY TODAY
SCAN ME

NH-152, Kaithal - Ambala Rd, Kaithal, Haryana 136027 9992800104 9992800226 info@niilmuniversity.ac.in www.niilmuniversity.ac.in

## खबर संक्षेप

### नंदगढ़ से तीन भैंस चोरी, मामला दर्ज

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के नंदगढ़ गांव से बीती रात तीन भैंस चोरी हो गई। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नंदगढ़ गांव निवासी हरिओम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके घर से बीती रात तीन भैंस चोरी हो गई है। चोरी की वारदात में पिकअप गाड़ी का प्रयोग किया गया है। वारदात में तीन चोर शामिल हैं। घटना की पूरी वारदात सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। काफी तलाश के बावजूद चोरों का कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव सुरबुरा से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सुरबुरा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। शिकायत के आधार पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

### हिंदू कन्या कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र के दाखिले शुरू

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय छात्राओं की पहली पसंद बनकर उभर रहा है। जैसे ही नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हुई, छात्राओं में दाखिले को लेकर उत्साह देखा गया। कालेज में बीए, बीएससी, बीकॉम और बीसीए जैसे प्रमुख स्नातक प्रोग्राम्स में नामांकन चल रहा है। रजिस्ट्रेशन करवाने लेने के लिए छात्राएं कॉलेज पहुंच रही हैं और कई छात्राओं ने पहले ही पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर ली है। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि इस वर्ष भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासित वातावरण की बदौलत महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाली छात्राओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**जींद।** जुलाना थाना इलाका गांव में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। जुलाना थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म , चार चाइल्ड प्रोटेक्शन के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी स्कूल में पढ़ती है। गत दो फरवरी को सौरभ ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपित ने उसकी बेटी को बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। आरोपित बार-बार उसकी बेटी को परेशान करता आ रहा है।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात चोरी, केस दर्ज

**जींद।** ईस्माइलपुर में बीती रात चोरो ने मकान का ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। इस्माइलपुर निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार समेत बैठक में सोया हुआ था। पीछे से चोर मकान के कमरे का ताला तोड़ कर अंदर घुस गए और सोना व चांदी के जेवरात, पांच हजार रुपये की नकदी को चोरी कर लिया।

### पच्चीस हजार की नकदी चोरी का आरोपी दबोचा

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने दुकान से 25 हजार की नकदी व मोबाइल फोन चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना शहर जींद के प्रभारी पीएसआई चंद्रपाल ने बताया कि शर्मा नगर निवासी रवि ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि किसी ने उसकी दुकान से 25 हजार रुपये व एक मोबाइल फोन को चोरी कर लिया। पुलिस ने रवि की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया था। तकनीकी जांच व साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने गांव हसनगढ़ (सोनीपत) निवासी मोनू को नियमानुसार गिरफ्तार करके चोरीशुदा मोबाइल फोन बरामद किया है।

### हर घर नल, नल पर टेप, लिकेज फ्री व सर्वे का खाका तैयार

# पेयजल का प्रबंधन व रखरखाव का जिम्मा उठाने वाली पहली ग्राम पंचायत बनी खुंगा

### ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के अनुरोध पर ग्राम सभा में प्रस्ताव को दी मंजूरी

**ग्राम पंचायत, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति व विभाग के अधिकारियों ने किए सांझा घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। सांझा घोषणा पत्र के साथ सरपंच पुष्पा देवी व अन्य। फोटो :हरिभूमि

जिला जींद की खुंगा ग्राम पंचायत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की नई योजना को अपना कर पेयजल का प्रबंधन व रखरखाव का जिम्मा उठाने वाली हरियाणा की पहली ग्राम पंचायत बनने की ओर अग्रसर है। इस योजना को अमलीजामा पहनानें के लिए ग्राम सभा में प्रस्ताव पास करके ग्राम पंचायत, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति व विभाग के अधिकारियों ने सांझा घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करके आगामी कार्रवाही शुरू कर दी है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने गुरूवार को बताया कि विभाग द्वारा पेयजल का प्रबंधन व रखरखाव में ग्राम पंचायत की सहभागिता को लेकर नई योजना तैयार की गई है। ग्राम पंचायत द्वारा योजना में ग्रामीणों की अधिक से अधिक भागिदारी सुनिश्चित करने के लिए सरपंच पुष्पा देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजना किया गया। इस ग्राम सभा में विभाग के अधिकारियों द्वारा पॉलिसी के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया था। ग्राम जल एवं सीवरेज समिति द्वारा पेयजल का प्रबंधन व रखरखाव का कार्य ग्राम पंचायत द्वारा किए जाने का प्रस्ताव ग्राम सभा में रखा गया। जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इसके बाद इस योजना के लिए तैयार किए गए सांझा घोषणा पत्र पर प्रथम पक्ष सरपंच, ग्राम पंचायत व साक्षी ग्राम चौकीदार, द्वितिय पक्ष ग्राम जल एवं सीवरेज समिति एवं ग्राम सचिव व मौजूदा साक्षी, सदस्य पंच और तृतीय पक्ष के तौर पर कार्यकारी अभियंता व मौजूदा साक्षी के तौर पर उपमंडल अभियंता द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद ग्राम सभा में प्रस्ताव पास किया गया कि गांव का सबसे पहले सर्वे किया जाएगा ताकि पता चल सके कि गांव में किस-किस घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो रही है। इसके साथ ही गांव में कितने नलों पर टेप लगी हुई है। गांव में लीकेज व अस्वच्छ कनेक्शन कहां-कहां है। खंड समन्वयक दिनेश कुमार ने जल संरक्षण व स्वच्छता कके बारे में ग्रामीणों को विस्तारपूर्वक बताया। इस मौके पर सरपंच पुष्पा देवी, ग्राम सचिव दीपक, पंच रविंद्र, सरपंच प्रतिनिधि बलजीत सिंह, पवन, मोहित सहित काफी संख्या में उपस्थित रहे।

#### ग्राम पंचायत निभाए अहम भूमिका : शर्मा

कार्यकारी अभियंता भानु प्रकाश शर्मा ने कहा कि सिंगल विलेज स्कीम के तहत ग्राम पंचायत नई योजना में रूची दिखा कर अहम भूमिका निभाएं। इसके लिए ग्राम सभा में अधिक से अधिक लोगों की भागिदारी होना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को योजना के बारे में जानकारी मिल सके।

#### क्या है योजना

सिंगल विलेज स्कीम योजना के तहत ग्राम पंचायत व ग्रामणों द्वारा पेयजल आपूर्ति का प्रबंधन व रखरखाव किया जाएगा। जिसमें बिजली उपकरण रखरखाव व लीकेज इत्यादि को ठीक किया जाएगा। इसकी एवज में ग्राम पंचायत को रखरखाव के लिए बनाए गए एस्टीमेट की एक चौथाई राशि पूर्व में ही दी जाएगी। जोकि ग्राम पंचायत के नए इंडियन बैंक खाते में जमा होगी। गांव में स्वयं सहायता समूह की महिला द्वारा पेयजल बिल एकत्रित किया जाएगा और यह राशि भी पेयजल के प्रबंधन व रखरखाव पर खर्च की जाएगी। बड़े कार्य जलघर निर्माण, पाइप लाइन व बिजली बिल इत्यादि कार्य विभाग द्वारा ही किए जाएंगे।



जींद। गतिविधि में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों ने परंपरा और लोक कला का किया अद्भुत प्रदर्शन

**जींद।** निपुण मिशन के अंतर्गत चल रहे क्लास रेडिनेस कार्यक्रम में वीरवारको संस्कृति दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रदर्शन किया। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनकी जड़ों से जोडऩा और उन्हें अपनी संस्कृति के प्रति गौरवान्वित करना है। संस्कृति दिवस के अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों की पारंपरिक वेशभूषा पहनकर अपनी संस्कृति की विविधता को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में बच्चों ने स्थानीय लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसे देखकर सभी उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इसके साथ ही बच्चों ने पारंपरिक खान-पान की विशेषताओं को भी प्रदर्शित किया। विभिन्न क्षेत्रों के व्यंजनों, उनकी बनावट और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने लोक कहानियों और लोक गीतों के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

# मानदेय 15 हजार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना




सीएम के नाम एसडीएम रमित यादव को ज्ञापन सौंपते नंबरदार एसोसिएशन उचाना।

उचाना नंबरदार एसोसिएशन ने एसडीएम उचाना रमित यादव को सीएम नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 23 नवंबर 2021 से नए नंबरदारों की नियुक्ति पर लगी रोक हटाने सहित 7 सूत्रीय मांग की। 41 हजार रुपए सामूहिक कार्य पर खर्च के लिए एसडीएम को सौंपे। उचाना प्रधान सुरेश नंबरदार ने बताया कि रोक के कारण उचाना कलां तहसील में 278 में से 101 पद और अलेवा तहसील में 116 में से 35 पद खाली पड़े हैं। कई गांवों में नंबरदार न होने से ग्रामीणों को सरकारी कामों व प्रमाण-पत्रों के लिए परेशानी हो रही है। दूसरे गांव का नंबरदार परिवारों की पूरी जानकारी न रखने के कारण गलत काम होने की आशंका बनी रहती है। मांगों के बारे में बताते हुए सुरेश नंबरदार ने कहा कि खाली पदों पर तुरंत नए नंबरदार/लंबरदार नियुक्त किए जाए, मौजूदा 3000 रुपए मानदेय को बढ़ाकर 15 हजार करने, नंबरदारों की बस यात्रा मुफ्त, 65 वर्ष से ऊपर डाक्टरी जांच की शर्त खत्म, 75 वर्ष से अधिक आयु के नंबरदारों को पद से न हटाने, परिवार सहित आयुष्मान योजना में शामिल करने, शिक्षा सुचारू रखने के लिए स्कूल-कॉलेजों में स्थाई प्रतिनिधि नियुक्त किया जाने की मांग सीएम को भेजी गई है।

# बगैर मिट्टी जांच के उर्वरकों का प्रयोग न करें किसान : डॉ. धीरज

- खरक भूरा में मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा द्वारा द्वारा जिला जींद के गांव खरकभूरा में संतुलित उर्वरक उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर विस्तृत किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डा. धीरज पंघाल जिला विस्तार विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) ने किया। कार्यक्रम में किसानों ने भाग लेकर मृदा स्वास्थ्य, उर्वरक प्रबंधन तथा टिकाऊ खेती से संबंधित वैज्ञानिक जानकारियां प्राप्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते डा. धीरज पंघाल ने कहा कि वर्तमान समय में लगातार रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति एवं गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक प्रयोग अपनाने की सलाह देते हुए बताया कि बिना मिट्टी जांच के उर्वरकों का प्रयोग करने से उत्पादन लागत बढ़ती है तथा भूमि की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि संतुलित मात्रा में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का प्रयोग ही बेहतर उत्पादन और स्वस्थ मिट्टी का आधार है। डा. पंघाल ने किसानों को 4 आर सिद्धांत अर्थात सही उर्वरक स्रोत, सही मात्रा, सही समय तथा सही विधि से उर्वरक प्रयोग के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक पद्धति से उर्वरकों का उपयोग करने से न केवल पुसल उत्पादन में वृद्धि होती है बल्कि मिट्टी की जैविक गुणवत्ता भी लंबे समय तक बनी रहती है। उन्होंने जैविक पोषक स्रोतों जैसे गोबर की खाद, कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट एवं फसल अवशेषों के उपयोग पर विशेष बल दिया।




उचाना। बस से पीडब्लयूडी विश्राम गृह उतरते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### राहुल गांधी खो चुके मानसिक संतुलन : देवेंद्र अत्री

**उचाना।** पीएम नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाने की अपील के बाद से निरंतर भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री बस से सफर कर रहे है। उचाना पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में जनता दरबार में वो जींद से बस में टिकट लेकर अपने साथियों के साथ पहुंचे। यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। लोगों की समस्याओं को सुन उनका मौके पर समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। बिजली, पानी, पंचायत विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायत लेकर हलके भर से लोग उनके पास पहुंचे। पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर दिए गए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा विवादित बयान पर अत्री ने कहा कि राहुल गांधी मानसिक संतुलन खो चुके है। ये देश की 140 करोड़ जनता का अपमान है। कांग्रेस को देश की जनता ने पहले भी सबक सिखाया है 140 करोड़ लोगों अब आगे भी सबक सिखाने के लिए तैयार है। राहुल गांधी के बयान की आज आमजन निंदा कर रहा है। कांग्रेस, विपक्ष के नेताओं को धीरे-धीरे पागलखाने में भर्ती होना पड़ेगा। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हाथों में है।

### अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

# समाधान शिविर में समस्याओं की गंभीरता से सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित समाधान शिविर में वीरवार को लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में लोगों की समस्याएं सुनी गईं। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक व विभागीय समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखींए जिन पर गंभीरता से सुनवाई करते को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की छोटी से छोटी समस्या को लेकर भी पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि योजनाओं और सेवाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे तथा किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक परेशान न होना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों और मांगों पर तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक मामले का समाधान निर्धारित नियमों के तहत समयबद्ध तरीके से किया जाए। कहा कि आमजन का प्रशासन पर विश्वास बनाए रखना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। एडीसी ने आमजन से अपील करते कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हर सप्ताह सोमवार और गुरुवार को जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं।

#### शिविर में आई ये समस्याएं

गांव राजपुरा भैण के ग्रामीणों ने मोहल्ले में पुराने बिजली के तार बदलवाने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में काफी समय से पुराने तार लगे हुए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभाग को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मनोहरपुर निवासी सुखविंदर ने खेत में लगे खराब ट्रांसफार्मर को ठीक करवाने की मांग की। एडीसी ने संबंधित अधिकारियों को मामले का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता संतरो ने प्रशासन से अपने पौत्र के आधार कार्ड बनवाने तथा पात्रता अनुसार पेंशन सुविधा उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त करसोला निवासी एक शिकायतकर्ता ने जमाबंदी रिकॉर्ड में संशोधन संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। इन सभी शिकायतों पर संज्ञान लेते एडीसी ने संबंधित विभाग को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम सत्यवान मान, डीआरओ राजकुमार, डीएफओ पवन ग्रोवर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को वितरित की शैक्षणिक सामग्री

**नरवाना।** रोटरी क्लब नरवाना द्वारा सामाजिक सेवा एवं शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए गवर्नमेंट मिडिल स्कूल बेलरखा में प्रोजेक्ट शिक्षा एवं प्रोजेक्ट उजाला के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों को पढ़ाई के लिए कॉपियां, पेन एवं पेंसिल वितरित की ताकि विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके और उन्हें बेहतर अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही प्रोजेक्ट उजाला के तहत विद्यालय में ट्यूबलाइट्स भी भेंट की गईं। जिससे स्कूल में प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके और बच्चों को सुगम एवं उज्ज्वल वातावरण में शिक्षा प्राप्त हो सके। विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने रोटरी क्लब नरवाना की इस सेवा भावना की प्रशंसा की। क्लब के प्रधान विकास सिंगला ने कहा कि रोटरी क्लब नरवाना सदैव समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहता है। क्लब के प्रधान विकास सिंगला, सेक्रेटरी रूपक बंसल, ट्रेजरर मनोज आदि मौजूद रहे।

### अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को सहायता उपकरण वितरित



**जींद।** जिला परियोजना संयोजक कार्यालय जींद में राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के लिए सहायता उपकरण वितरित किए गए। दिव्यांग बच्चों को सहायता उपकरणों का वितरण एपीसी रणधीर सिंह ढिल्लो, विशेष अध्यापकों एवं एलिम्को स्टाफ की देखरेख में किया गया। एलिम्को स्टाफ ने सहायता उपकरणों को ऑन लाइन किया। इस वितरण कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को एक बैटरी वाली ट्राइसाइकिल, दो हाथ से चलाने वाली ट्राइसाइकिल, 18 व्हीलचेयर, नौ सीपी चेयर, 28 टीएलएम किट, चार सुगमय केन, चार स्मार्ट फोन, दो बैसाखी, तीन रॉलेटर, 30 हियरिंग एंड और सात के एफ ओ वितरित किए गए।

### योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**जींद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में योग विशेषज्ञ गोविंदा के मार्गदर्शन से उचाना ब्लॉक के गांव मखंड की व्यायामशाला में आयोजित एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मखंड के सरपंच प्रतिनिधित्व ग्रामीणों एवं बच्चों को कोमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत प्रार्थना, सूक्ष्म क्रिया, योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं योग के व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक पहलुओं का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सरपंच प्रतिनिधित्व राजकुमार और आयुष योग सहायक कुलदीप श्योकंद ने योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दिया एवं आयुष योग सहायक प्रदीप कुमार, राजेश एवं रामचंद्र, सन्नी, रघबीर आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### पूर्व पीएम राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई

**उचाना।** राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना में पूर्व पीएम एवं भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। नेताओं, कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यक्षता मार्केट कमेटी पूर्व वाइस चेयरमैन सुरेंद्र गर्ग ने की। गर्ग ने राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता, पंचायती राज व्यवस्था और सूचना क्रांति का जनक बताया। गर्ग ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को नई तकनीक और कंप्यूटर क्रांति की दिशा देकर भारत को 21वीं सदी में आगे बढ़ाने का कार्य किया। शिक्षा सुधारों को बढ़ावा देना और पंचायतों को सशक्त बनाना राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच के महत्वपूर्ण परिणाम थे। राजीव गांधी का जीवन देश की एकता, लोकतंत्र और विकास के प्रति समर्पित रहा। इस मौके पर कुमार अनिल, अनूप श्योकंद सहित अन्य मौजूद रहे।

### डूमरखा के दो खिलाड़ियों का टीम में चयन




**उचाना।** ईरा इंटरनेशनल स्कूल डुमरखा के दो हैंडबाल खिलाड़ी आयुष, समीर का भारतीय हैंडबाल टीम में चयन हुआ हैं। आयुष गांव डूमरखा खुर्द, समीर डूमरखां कलां गांव का रहने वाला हैं। ये दोनों खिलाड़ी ईरा इंटरनेशनल स्कूल डूमरखां में 12 वीं कक्षा में पढ़ते हैं और स्कूल के प्रशिक्षण केंद्र पर प्रैक्टिस करते हैं। इस भारतीय टीम का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर उत्तराखंड में 27 मई से लगेगा। भारतीय टीम 9 जून को बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आयोजित होने वाली आईएचएफ ट्रॉफी में भाग लेने के लिए कलकता एयरपोर्ट से ढाका के लिए रवाना होगी। स्कूल डायरेक्टर डॉ. जुगमिंद्र सिंह ने बताया कि यह भारतीय टीम अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालद्विप, नेपाल, श्रीलंका तथा येमन देशों के साथ खेलेगी। स्कूल मैनेजमेंट इन खिलाड़ियों को जल्द ही भव्य समारोह आयोजित कर सम्मानित करेगी।

### कन्या भ्रूण हत्या करना व करवाना कानूनी जुर्म

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अलेवा के तहत गांव में स्वास्थ्य कर्मियों ने कई जगह नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जागरूक किया गया और पीएनडीटी एक्ट की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। एमपीएचडब्ल्यू केलापति व बजरंग ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है, ऐसा कभी नहीं करना चाहिए। कन्या भ्रूण हत्या करना व करवाना कानूनी जुर्म है। जिसमें दोषी पाए जाने पर सजा व जुर्माने का प्रावधान है। यदि बेटियां ही नही होगी तो बहुएं कहां से आएगी। एक बेटी दो घरों की शान होती है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटियों की सुरक्षा उच्च शिक्षा, भ्रूण हत्या को रोकना और लिंग अनुपात संतुलित करना है। हमें अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा देकर आगे बढने का मौका देना चाहिए ताकि वह आत्मनिर्भर बन कर प्रतिष्ठित जीवन जी सके।

### सीएम ने जनकल्याण मंच के कार्यों की प्रशंसा की

**उचाना।** भाजपा जनकल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिलकधारी, प्रदेश महामंत्री अशोक मेहरा एवं प्रमुख समाज सेवी राजेंद्र ग्रोवर ने चंडीगढ़ में सीएम नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी से मुलाकात कर भाजपा जनकल्याण मंच द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे सामाजिक, जनहित एवं संगठनात्मक कार्यों की जानकारी दी। अशोक तिलकधारी ने बताया कि सीएम नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने भाजपा जनकल्याण मंच के कार्यों की प्रशंसा की। तिलकधारी ने सीएम एवं कैबिनेट मंत्री का आभार व्यक्त करते कहा कि भाजपा जनकल्याण मंच हमेशा राष्ट्रहित, समाजहित एवं जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देता रहेगा। संगठन आने वाले समय में पूरे हरियाणा में बड़े स्तर पर सदस्यता अभियान एवं जनसंपर्क अभियान चलाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग संगठन से जुड़ सकें।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही मातृशक्ति उद्यमिता योजना

**जींद।** हरियाणा सरकार महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना का संचालन कर रही है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को बैंकों के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से योजना चलाई जा रही है। बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए महिला हरियाणा की स्थायी निवासी होनी चाहिए व परिवार की वार्षिक आय पांच लाख रुपये से कम होनी चाहिए। ऋण के लिए आवेदन के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। साथ ही आवेदक किसी पूर्व ऋण की डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए। योजना के तहत समय पर ऋण की किस्त जमा करवाने पर तीन वर्षों तक सात प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से प्रदान की जाएगी।

### ग्रामीण स्वच्छता जागरूकता अभियान 27 तक चलेगा

**जींद।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिषन ग्रामीण, ग्रामीण विकास विभाग हरियाणा चंडीगढ़ की अनुपालना में समस्त खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों एवं उपमंडल, अधिकारी पंचायती राज जींद की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीईओ जिला परिषद् प्रदीप कुमार ने बताया कि उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में ग्रामीण आंचल में 21 से 27 मई तक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने समस्त खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि ठोस कचरा प्रबन्धन नियम 2026 अनुसार सभी ग्राम पंचायतों एवं उनके गांव में घर-घर से कूड़ा उठाने एवं उसका प्रबंधन कूड़े के ढेरों तथा बल्क वेस्ट जनरेटर की पहचान की जाए।

### गांव मखंड में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम

**उचाना।** विश्व योग दिवस-2026 के सफल आयोजन को लेकर हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अमित रोहिल्ला, जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ. योगेश, योग विशेषज्ञ गोविंदा के मार्गदर्शन से उचाना ब्लॉक के गांव मखंड की व्यायामशाला में आयोजित एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। मखंड के सरपंच प्रतिनिधि, ग्रामीणों एवं बच्चों को कोमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत प्रार्थना, सूक्ष्म क्रिया, योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं योग के व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक पहलुओं का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

## खबर संक्षेप



कैथल। पीओ पकड़ो स्टॉफ पुलिस गिरफ्त में भगोड़े आरोपी।

### अलग अलग 2 मामलों में 2 भगोड़े आरोपी काबू

**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टॉफ द्वारा अलग अलग 2 मामले में 2 उद्घघोषित आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो स्टाफ के एएसआई राजकुमार द्वारा आरोपी शिव कॉलोनी कैथल को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर 21 जून 2021 को जींद रोड़ कैथल पर अपने अन्य साथियों के साथ एक व्यक्ति को चोटे मारने का आरोप है। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज है। उक्त मामले में आरोपी न्यायालय से जमानत हासिल करने उपरांत न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ।

### दो बहनों से मारपीट, एक का हाथ टूटा, तीन पर केस

**कैथल।** गांव बालू में दो बहनों के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी दी। कलायत थाना पुलिस ने शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बालू निवासी रानी ने बताया कि उसकी और उसकी बहन धनपति की शादी गांव में ही हुई है। 15 मई को दोनों बहनें घर में भैंसों का गोबर उठा रही थीं। इसी दौरान उसका जेठ सुरेश वहां पहुंचा और पास में पड़े डंडे से उसकी बहन धनपति पर हमला कर दिया। रेश ने रानी पर भी ताबड़तोड़ डंडों से वार किए।

### गांव बालू में खेत से स्टार्टर और केबल चोरी

**कैथल।** गांव बालू में चोरों ने एक खेत से स्टार्टर और बिजली की केबल चोरी की ली। किसान ने पुलिस को शिकायत देकर चोरी गए सामान की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कलायत थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव बालू निवासी कुलबीर सिंह ने बताया कि उसके खेत बालू से वजीर नगर जाने वाले रास्ते पर नहर के पुल के पास स्थित हैं। वह 20 मई की शाम खेत से घर आया था और उस समय सब कुछ ठीक था।

### हाउस लिस्टिंग में सहयोग करें जनप्रतिनिधि : डीसी



**कैथल।** डीसी अपराजिता ने जिले में जनगणना 2027 कार्यों को निर्धारित समयावधि में सुचारू से पूरा करने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया है कि वे इस कार्य में पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसके आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और नीतियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए नगर निकायों, ग्राम पंचायतों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं।

### जानकार बनकर कर रहें साइबर ठगी: मनप्रीत



**कैथल।** आज के समय साइबर अपराध चरम पर हैं, साइबर अपराधियों द्वारा आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। ऐसे में विदेशों से रिश्तेदार या जानकार बनकर साइबर अपराधियों द्वारा साइबर ठगी का एक नया तरीका अपनाया जा रहा है। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि आजकल बहुत से बच्चे पढ़ाई व काम के सिलसिले विदेशों में गए हुए हैं। साइबर ठग इसी बात का फायदा उठाते हुए विदेशों से कॉल करते हैं और कहता है कि समझौता वगेरा में पैसे देने पड़ेंगे।

15 मई से लगातार प्रदेशभर में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं सफाई कर्मी, भाजपा सरकार कर रही मांगों की अनदेखी

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों का जल्द हो समाधानः प्रेमचंद

## राज्य सरकार से जन स्वास्थ्य व सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्य सचिव मण्डल ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि हड़ताली ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से तत्काल वार्ता करके उनकी मांगों का समाधान करे। पार्टी के राज्य सचिव प्रेम चंद ने प्रेस को विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी राज्य भर में 15 मई, से हड़ताल पर हैं अभी तक सरकार उनकी मांगों का कोई समाधान नहीं कर पाई है। गर्मी के इस मौसम में सफाई व्यवस्था का संकट गहरा गया है। ऐसे हालात में बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है। लगता है प्रदेश सरकार सफाई व्यवस्था व जन स्वास्थ्य के प्रति गंभीर नहीं है। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से पहले भी नगर पालिका व अग्नि शमन के कर्मचारी समस्याओं का समाधान करने को लेकर हड़ताल कर चुके हैं। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का यह तबका दलित पृष्ठभूमि से आता है जो सदियों से आर्थिक व सामाजिक भेदभाव का शिकार रहा है। यह पीड़ा 21 वीं शताब्दी के समाज में आज भी देखी जा सकती है। सीवर साफ करने वाले कर्मचारियों की सफाई के दौरान प्रदेश में अनेकों मौतें इसका एक उदाहरण है। सबका साथ -सबका विकास करने का वायदा करने वाली भाजपा सरकार अब इसे भूल चुकी है। स्वयं मुख्यमंत्री ने वर्ष 2025,नवंबर महीने में डी एस सी के सम्मेलन में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को 26 हजार रुपए व नगर पालिका कर्मचारियों को 27 हजार रुपए न्यूनतम वेतन देने के लिए कहा था जो आज तक लागू नहीं किया गया है। माननीय पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय ने दस साल से सरकार में सेवा देने वाले कर्मचारियों को पक्का करने के लिए 23 व 31 दिसंबर 2025 को अलग -2 केस की सुनवाई के दौरान फैसला दिया है। इस फैसले को लागू किया जाना चाहिए जो सफाई कर्मचारियों सहित कच्चे कर्मचारियों की मांग हैं। कर्मचारियों द्वारा उठाई जा रही मांगें उचित है। सीपीआई(एम) सफाई कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करती है। सीपीआई(एम) राज्य सरकार से आग्रह करती है कि लोकहित में जन स्वास्थ्य व सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करे और हड़तालरत सफाई कर्मचारियों की मांगों का तत्काल समाधान करे।

- सरकार राज्य में सफाई व्यवस्था के प्रति गंभीर नहीं

## एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने समाधान शिविर में सुनी नागरिकों की समस्याएं



गुहला-चीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह लोगों की शिकायत सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

**गुहला-चीका।** वीरवार को एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने इस दौरान नागरिकों की समस्याएं व शिकायतें सुनी। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने मौके पर ही नागरिकों की कई समस्याओं का निपटारा किया, जबकि अन्य शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे इन समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। आमजन इन समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी शिकायतों का समाधान मौके पर ही करवा सकते हैं। आमजन समाधान शिविर में अपनी समस्याओं का समाधान करवाने के साथ-साथ सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है। यह समाधान शिविर एसडीएम कार्यालय में हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे है। समाधान शिविर में आमजन प्रॉपर्टी आईडी, बुढ़ापा पेंशन, परिवार पहचान पत्र, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि से संबंधित समस्याओं का समाधान मौके पर ही करवा सकते है।



### बेटियां देश का भविष्य, उन्हें शिक्षा व सम्मान देना जरूरी

**राजौंद।** कन्या भ्रूण हत्या रोकने और बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उप स्वास्थ्य केंद्र बीर बांगड़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप के निर्देश पर स्वास्थ्य कर्मचारी रामनिवास के नेतृत्व में आयोजित हुआ।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया तथा बेटियों की शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया। रामनिवास लालर ने कहा कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि देश का भविष्य हैं। उन्होंने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या एक गंभीर और गैरकानूनी अपराध है, जिससे समाज में लिंगानुपात लगातार बिगड़ रहा है। उन्होंने पीसी-पीएनडीटी एक्ट 1994 की जानकारी भी दी।



सीवन। माता रानी की चौकी में ज्योति प्रज्वलित करते दर्शन मुंजाल। फोटो : हरिभूमि

### माता रानी के जयकारों से गूंजा कॉलेज परिसर

**सीवन।** सीवन के साईं बाबा कॉलेज आफ एजुकेशन में माता रानी की भव्य चौकी एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। यह आयोजन दर्शन लाल मुंजाल द्वारा कॉलेज परिसर में करवाया गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे परिसर में माता रानी के जयकारों और भक्ति रस से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दर्शन लाल मुंजाल एवं उनके परिवार द्वारा विधिवत ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत गणपति पूजन एवं माता रानी की आराधना की गई।

### गीता ज्ञान की गूंज से भक्तिमय होगा पुण्डरी

**पूंडरी।** श्री कृष्ण कृपा कथा आयोजन समिति पूंडरी एवं भारत विकास परिषद शाखा पूंडरी के संयुक्त तत्वावधान में आज 22 से 24 मई तक पुरानी अनाज मंडी पूंडरी में दिव्य गीता सत्संग एवं आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 3 दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद्भगवद्गीता के माध्यम से जीवन दर्शन, कर्मयोग और आत्मशांति का संदेश देंगे। धार्मिक आयोजन की शुरुआत आज भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। यह यात्रा श्री राम मंदिर काला कुंड से प्रारंभ होकर पुरानी अनाज मंडी स्थित सत्संग स्थल तक पहुंचेगी।

### सीवन मंडल की बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन

**सीवन।** विधानसभा क्षेत्र के सीवन मंडल की मासिक शक्ति केंद्र बैठक बुधवार को मंडल अध्यक्ष प्रवीण रसूलपुर के नेतृत्व में स्थानीय बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। बैठक में मंडल प्रभारी प्रवीन प्रजापति मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मजबूत संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत, अनुशासन का नतीजा है।

### बीपीएचओ की बैठक में नए पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

**पूंडरी।** भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन (बीपीएचओ) की एक महत्वपूर्ण बैठक लोकनिर्माण विभाग विश्राम गृह पुंडरी में आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति के पुत्र दिनेश कुमार प्रजापति एवं बीपीएचओ के राष्ट्रीय सचिव ओमकरण प्रजापति विशेष रूप से पहुंचे। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमेर करड़वाल की उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह भर दिया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुभाष कुराड ने की। बैठक के दौरान संगठन विस्तार, समाज को मजबूत बनाने, युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा आने वाले समय में सामाजिक गतिविधियों को तेज गति से आगे बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ओमप्रकाश हजवाना को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, बलवान ट्योंठा को जिला उपाध्यक्ष, संजीव बरसाना को जिला महासचिव, जसमेर हजवाना को हलका उपप्रधानआदि रहे।

### 30 जून तक जमा करवाएं प्रॉपर्टी टैक्स

**सीवन।** नगर पालिका सीवन द्वारा शहरवासियों से बकाया प्रॉपर्टी टैक्स समय पर जमा करवाने की अपील की गई है। नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से प्रॉपर्टी धारकों को बड़ी राहत देते हुए बकाया हाउस टैक्स पर लगने वाले ब्याज में 100 प्रतिशत छूट देने की योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत वर्ष 2010-11 से लेकर वर्ष 2025-26 तक के सभी बकाया प्रॉपर्टी टैक्स पर लगने वाला पूरा ब्याज माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहरवासी 30 जून 2026 तक अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाकर इस विशेष योजना का लाभ उठा सकते हैं। सरकार द्वारा दी गई इस राहत का उद्देश्य लोगों को पुराने बकाया टैक्स का भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े और नगर पालिका को भी राजस्व प्राप्त हो सके। दीपक कुमार ने कहा कि सभी प्रॉपर्टी धारकों को अपनी संपत्ति का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं प्रमाणित करना अनिवार्य होगा। इसके लिए नागरिकों को समय रहते अपने दस्तावेज और संपत्ति संबंधी जानकारी अपडेट करनी चाहिए।


**सूचना**

मैं, सुरेश कुमार पुत्र श्री कली राम निवासी गांव कडेंला तह. व जिला जींद बयान करता हूं कि मेरी पुत्री राधिका मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमरहेड़ी में नीचे वर्णित विकास कार्यों को ग्राम पंचायत द्वारा विभागीय तौर पर करवाया जाना है जिनके लिए L&C सोसाइटी से लेबर दरों हेतु कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। विकास कार्यों का विवरण इस प्रकार से है क्र.स. कार्य का नाम As per HSR 2023 प्राकलन अनुमानित लागत 1. गांव में कुम्हार (प्रजापत) चौपाल के निर्माण कार्य को पूरा करना। मु०. 1832000/-
2. 1. पशु हस्पताल से लेकर कैथल रोड़ तक तथा 2. दीपक पुत्र रत्न सिंह के मकान से लेकर संदीप पुत्र रंगा के मकान तक गली को रिपेयर करवाया जाना है। मु०:-1801000/-
3. 1. सुरेंद्र पुत्र श्री रूप चंद के मकान से लेकर राजेश पुत्र धर्मपाल के प्लाट तक. 2. महावीर नाई के मकान से लेकर पाला पुत्र हरनारायण के मकान तक तथा 3. ऋषि परमार के मकान से लेकर प्रेमराज भाटी के मकान तक कच्ची गली का निर्माण करवाया जाना है। मु०:-2065000/-
4. प्राइमरी स्कूल वाले तालाब से लेकर मंदिर वाले तालाब तक गंदे पानी की निकासी हेतु पाईप लाईन दबवाने बारे. मु०:-1502000/-
5. 1. कुलदीप शर्मा पुत्र रामदत्त शर्मा के मकान से लेकर डा०. मनीष के मकान तक. 2. राजपाल शर्मा पुत्र श्री रविदत्त शर्मा के मकान से लेकर श्री परवीन पुत्र श्री पूर्ण सिंह के प्लाट तक. 3. संतु चौकीदार के घर से लेकर हवा सिंह पुत्र रिसाला के घर तक. 4. सतपाल पुत्र श्री चंदगी के घर से लेकर सुरेन्द्र पुत्र सूरजन के घर तक गली निर्माण करवाया जाना है। मु०.:-1808000/-
1. कोटेशन शुरू होने की तिथिः 22-05-2026
2. कोटेशन जमा करवाने की अंतिम तिथि :- 28-05-2026
3. कोटेशन खोलने की तिथिः 29-05-2026
हिदायतें निम्न प्रकार से रहेंगी :-
1. उक्त कार्य HSR 2023 के अनुसार किया जायेगा।
2. कोटेशन व्यक्तिगत कार्य के HSR की श्रम दर पर सकारात्मक या नकारात्मक प्रतिशत के रूप में प्रस्तुत की जानी चाहिए।
3. बिना कोई कारण बताये किसी भी समय कोटेशन रद्द की जा सकती है।
4. कार्यक्षेत्र और निधि को स्थल की स्थिति और निधि की उपलब्धता के आधार पर बढ़ाया या घटाया जा सकता है।
5. बोली दाता के पास GSTIN नंबर होना चाहिए और इसका प्रमाण संलग्न करना होगा / श्रम पंजीकरण प्रमाण पत्र श्री संलग्न करना होगा।
6. मात्राओं रेखा चित्रों अनुमान आदि का विवरण किसी भी कार्य दिवस पर जे. ई. व एसडीओ के पास कार्यालय में देखा जा सकता है।

**सरपंच ग्राम पंचायत अमरहेड़ी**
**खंड जींद, मो०. न०.:-9812864717**

**ग्राम सचिव ग्राम पंचायत अमरहेड़ी**
**खंड जींद, मो० न०:-9802915944**




पूंडरी। प्रतियोगिता में सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी के साथ प्रधानाचार्या रितु बंसल।

### विद्यार्थियों ने नेशनल डांस प्रतियोगिता में बढ़ाया मान

**पूंडरी।** गुरुनानक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भोपाल में आयोजित नेशनल डांस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता गत दिवस भोपाल स्थित एलएनसीटी कैंपस में आयोजित की गई, जिसमें देशभर से प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की जूनियर कैटेगरी (3 से 8 वर्ष) में विद्यालय की छात्रा जोया ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की, जबकि निरवी ने चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं सब जूनियर कैटेगरी (9 से 16 वर्ष) में परी ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा समूह डांस प्रतियोगिता में जोया, निरवी और परी की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की अध्यापिका निधि शर्मा, जिन्होंने विद्यार्थियों का लगातार उत्साहवर्धन किया और बच्चों के साथ भोपाल जाकर उनका मार्गदर्शन किया, उन्हें भी विशेष प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्या रितु बंसल ने सभी विजेता विद्यार्थियों एवं अध्यापिका को सम्मानित करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का श्रेष्ठ मंच प्रदान करती हैं।

## छात्रों ने भैणी-माजरा गांव की सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रकाशित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करते एनआइआइएलएम विश्विवद्यालय के शोधार्थी।

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय, कैथल के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज एंड ह्यूम्युनिटीज के भूगोल विभाग के एमएससी जियोग्राफी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई भैणी-माजरा गांव की सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट का आधिकारिक रूप से प्रकाशन किया गया। इस रिपोर्ट का विमोचन डॉ. एकता चाहल, डीन, स्कूल ऑफ सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज द्वारा किया गया। यह सर्वेक्षण विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक फील्ड वर्क के अंतर्गत गांव की सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों के अध्ययन हेतु किया गया। सर्वेक्षण के दौरान जनसंख्या संरचना, शिक्षा, व्यवसाय, कृषि, आवास, स्वास्थ्य सुविधाएं, परिवहन, आय, सामाजिक आधारभूत संरचना तथा विकास से जुड़े विभिन्न प्रमुख पहलुओं से संबंधित विस्तृत आंकड़े एकत्रित एवं विश्लेषित किए गए। संपूर्ण सर्वेक्षण कार्य डॉ. विकास नैन एवं श्रवण कुमार सिंहमार, सहायक प्रोफेसर, भूगोल विभाग के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। उनके शैक्षणिक मार्गदर्शन एवं फील्ड सहयोग से सर्वेक्षण एवं रिपोर्ट तैयार करने का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। विभाग द्वारा सर्वेक्षण कार्य के दौरान निरंतर सहयोग प्रदान करने के लिए अमरजीत मोर, डॉ. सोनम एवं अजीत सिंह का विशेष धन्यवाद भी व्यक्त किया गया।



### समाधान शिविर में सहायक आयुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं

**कैथल।** डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया गया। इसमें सहायक आयुक्त (अंडर ट्रेनी) शिवानी पांचाल तथा कैथल एसडीएम संजय कुमार ने आमजन की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएसपी रमेश कुमार भी मौजूद रहे। शिविर में बिजली, पंचायत, राजस्व, परिवार पहचान पत्र, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड और पुलिस से संबंधित विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुईं। शिवानी पांचाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार आयोजित समाधान शिविर आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं।



### बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए नियमित योग जरूरी : डॉ. शकुंतला दहिया

**कैथल।** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की तैयारियों को लेकर जिले में योग प्रशिक्षण गतिविधियां लगातार जारी हैं। इसी कड़ी में 21 से 23 मई 2026 तक जिले के निजी और सरकारी विद्यालयों में प्रशिक्षित पीटीआई, डीपीई, आयुष योग सहायकों एवं विभिन्न योग संस्थाओं के सहयोग से योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन शुरू किया गया है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और सर्वांगीण विकास के लिए नियमित योगाभ्यास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 18 से 20 मई 2026 तक जिले में पीटीआई और डीपीई के लिए योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए थे। इसके बाद दूसरे चरण में स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर शुरू किए गए हैं।



### संगम अभियान के तहत राजौंद में विद्यार्थियों को दिया गया बुजुर्ग सम्मान का संदेश

**राजौंद।** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवाकेंद्र राजौंद द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखौली में "संगम : गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन" अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसका अत्यधिक उपयोग युवाओं के कीमती समय को नष्ट कर रहा है। उन्होंने बच्चों को संदेश दिया कि "जैसा हम देखेंगे, वैसा ही हम बनेंगे", इसलिए अच्छी संगति अपनाकर श्रेष्ठ विचारों का अभ्यास करना जरूरी है।

**प्रोत्साहन** बेटियों की सफलता पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी

# सांसद नवीन जिन्दल ने 10वीं व 12वीं की मेधावी लड़कियों को भेजा शुभकामना संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- राष्ट्रीय ध्वज भेंट कर मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित



कैथल। बोर्ड कक्षाओं में अव्वल रही छात्राओं को सम्मानित करते सांसद नवीन जिंदल कार्यालय के पदाधिकारी फोटो : हरिभूमि

कैथल जिले की होनहार बेटियों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। सांसद नवीन जिन्दल की ओर से उनकी टीम ने कक्षा 10वीं और 12वीं में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। सांसद नवीन जिन्दल की टीम द्वारा कक्षा 10वीं में जिला कैथल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली देवबन गांव की मानसी तथा कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली, चंदाना गांव की मुस्कान को, सांसद नवीन जिन्दल का शुभकामना संदेश एवं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्राओं और उनके परिजनों को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। सांसद नवीन जिन्दल ने अपने संदेश में कहा कि बेटियों की यह सफलता पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन से प्राप्त की गई यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान और कलायत हल्का प्रभारी वीरेंद्र सारण ने छात्राओं के घर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया तथा परिवारजनों के साथ खुशी साझा की।

## खबर संक्षेप

### गंदे पानी की समस्या का समाधान न होने से रोष

**नरवाना।** गांव बडनपुर में गंदे पानी की निकासी की चल रही समस्या को लेकर 10वें दिन भी धरना जारी रहा। वीरवार धरने की अध्यक्षता ओमप्रकाश उर्फ ओमा ने की। बताया कि ग्रामीणों ने इस समस्या के समाधान के लिए सीएम विंडो लगाई, मुख्यमंत्री को पत्र लिखे, केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी से मिलेख डीसी जींद द्वारा मैजिस्टेट नियुक्त बीडीपीओ को फोन करवाया पर बीडीपीओ उचाना ने मुख्यमंत्री, केबिनेट मंत्री व डीसी के आदेशों को सिरे से खारिज कर दिया।

### जानलेवा हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने घर में घुसकर दंपत्ति पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में मुख्य आरोपित गांव संडील निवासी कुलदीप उर्फ काकू को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ सफीदों के प्रभारी उपनिरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि गत पांच मार्च को गांव सरनाखेड़ा निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके मोबाइल पर कुलदीप उर्फ काकू ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी तथा उसे गंभीर परिणाम भुगतने तथा परिवार एवं पशुओं को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी थी।

### अग्रसेन चौक पर तारों से बड़ा हादसा होने का भय

**नरवाना।** नरवाना के अग्रसैन चौंक पर अंकूर सीए के कार्यालय के पास थ्री फेस की तार खुली पड़ी हुई है। जिससे बहुत बड़ा हादशा होने का भय बना रहता है लेकिन विभाग का इस और कोई ध्यान नहीं है। काफी बार शिकायत देने के बाद भी विभाग का कोई ध्यान नहीं है। बिजली की तार शटर व छप्पर से टच होने के कारण करंट आने से बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। हीट वेव के कारण खुली तारे गर्म होकर कभी भी जल सकती है व आसपास की दुकानों में आग लग सकती है।

### सीवन के नपा कार्यालय से जरनेटर इंजन चोरी

**कैथल।** नपा सीवन कार्यालय से जरनेटर इंजन चोरी हो गया। चोरी की घटना के बाद नपा प्रशासन द्वारा दी शिकायत के आधार पर सीवन थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नगरपालिका सीवन के सचिव दीपक ने बताया कि नगरपालिका के पास तीन जरनेटर इंजन हैं। इनमें से एक इंजन 16 मार्च 2026 को नगरपालिका कार्यालय से चोरी हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने इंजन चोरी कर नगरपालिका को आर्थिक नुकसान पहुंचाया है।

### दुकान से नकदी-फोन चोरी का आरोपी दबोचा

**राजौंद।** राजोंद क्षेत्र में दुकान से नकदी व मोबाइल चोरी के मामले की जांच थाना राजोंद एसएचओ इंस्पेक्टर रामनिवास की अगुवाई में एचसी देवेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी राजौंद निवासी मेहर सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राजौंद निवासी नीतीश कुमार की शिकायत अनुसार उसकी राजोंद में पेगां रोड़ पर मेडिकल की दुकान हैं। 18 मई को दिन में अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके दुकान का ताला तोड़कर 12 हजार रुपये नगदी, एक मोबाइल व खाता डायरी चोरी कर ले गया।

# अब नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य अधिकारी करेंगे रात्रि निरीक्षण

## लेबर रूप में सीएमओ निरीक्षण के दौरान मिली थी खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खबर का असर

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में पिछले दिनों उपचार के लिए आई दो जच्चाओं की मौत के बाद स्वासथ्य विभाग ने कड़ा संज्ञान लिया है। सीएमओ डा. सुमन कोहली व अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार रात को अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ जगह बिजली की पर्याप्त सुविधा नही मिली तो लेबर रूम में भी खामियां मिली थी। इसके अलावा एक्लेम्पसिया ट्रे में सफाई व उचित दवाइयां भी नहीं मिलने पर संबंधित


सीएमओ ने जांची लेबर रूम में जच्चा और बच्चा को मिलने वाली सुविधाएं
निरीक्षण में सफाई व बिजली की नहीं मिली पर्याप्त सुविधा
स्वास्थ्य अधिकारियों को साथ लेकर रात को नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

जींद। हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ समाचार।

कर्मचारियों व अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। हरिभूमि समाचार पत्र ने इस समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिस पर वीरवार को अस्पताल में लाइन व्यवस्था के प्रबंध को लेकर संबंधित कर्मियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए। साथ ही कांग्रेस घास उखाडऩे, पीने के पानी का उचित प्रबंध करने, रात्रि के समय नियमित निरीक्षण करने के आदेश जारी किए गए हैं। सीएमओ डा. सुमन कोहली ने नागरिक अस्पताल जींद के प्रसूति एवं गायनी विभाग का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान कई कमियां सामने आईं। जिसके चलते अस्पताल प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी को शोकॉज नोटिस जारी कर दिया। अब प्रधान चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा पत्र लिखा गया है। जिसमें निरीक्षण के समय ईक्लेमप्सिया बॉक्स उल्टा पड़ा हुआ मिलने और ईक्लेमप्सिया ट्रे में मैग्नीशियम सल्फेट जैसी अत्यावश्यक जीवनरक्षक दवा उपलब्ध नही होने जो प्रसव संबंधी इमरजेंसी में जानलेवा साबित हो सकती है को प्रशासन ने गंभीर विषय मानते हुए वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी प्रसूति विभाग को 24 घंटे के अंदर लिखित जवाब देने के निर्देश दिए हैं। सीएमओ निरीक्षण के बाद अस्पताल प्रशासन ने कमियों को दूर करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रधान चिकित्सा अधिकारी के आदेशानुसार अब नागरिक अस्पताल जींद में प्रतिदिन रात्रि दौरा अनिवार्य कर दिया गया है। इसके तहत एक वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी, डीएमएस, एसएमओ, एसएमओ, आरएमओ, ऑन ड्यूटी सुपरवाइजर और बिजली कर्मचारी (सुपरवाइजर) को रात्री ड्यूटी सौंपी गई है। बाकायदा 21 मई से 30 मई तक का रोस्टर जारी कर दिया गया है। 21 मई वीरवार को बाला देवी (वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी) एवं डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, 22 मई कोवरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी मधुबाला एवं एमएस डा. अरविंद को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार 30 मई तक ड्यूटी तय की गई हैं। आदेश में साफ कहा गया है कि यदि कोई अधिकारी छुट्टी पर हो तो अगले दिन की ड्यूटी वाला अधिकारी अतिरिक्त ड्यूटी सुनिश्चित करेगा। पूरी रिपोर्ट प्रधान चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से सिविल सर्जन को मेल व हार्ड कॉपी दोनों के माध्यम से भेजी जाएगी।

### स्वास्थ्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाई



नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि यह कार्रवाई अस्पताल में रात्रि समय में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में उठाया गया कदम है। स्वासथ्य विभाग का एक ही लक्ष्य है कि अस्पताल में आने वाले हर मरीज को चिकित्सा की बेहतरीन सुविधाएं मिले। रोस्टर अनुसार स्वास्थ्य अधिकारियों की डयूटी लगा दी गई है, जो नियमित रात्रि के समय जांच करेंगे।

## अस्पताल परिसर, इमरजेंसी वार्ड के पास खड़े रहने वाले चालक सावधान

# अस्पताल परिसर में निजी एंबुलेंस खड़ी की तो होगी सख्त कार्रवाई

### अतिरिक्त मुख्य सचिव ने वीसी से स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित के दिए निर्देश

**अस्पताल प्रबंधन में ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल परिसर, इमरजेंसी वार्ड के निकट हर समय मंडराने वाले निजी एंबुलेंस चालकों के प्रति नागरिक अस्पताल प्रशासन सख्त हुआ है। अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना कॉल के कोई भी प्राइवेट एंबुलेंस चालक अपनी एंबुलेंस को अस्पताल परिसर या उसके आसपास खड़ा करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ऐसा इसलिए किया गया है कि एंबुलेंस चालक कमीशन के चक्कर में गंभीर मरीजों को सरकारी अस्पतालों की बजाए निजी अस्पतालों में ले जाते हैं। जिनसे उनका कमीशन बंधा होता है। ऐसे में मरीजों की शिकायतें अस्पताल प्रबंधन के पास पहुंच रही थी। जिस पर यह निर्णय लिया गया है। नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में इमरजेंसी वार्ड है। यहां से प्रतिदिन गंभीर मरीजों को पीजीआई रोहतक, अग्रोहा ले जाया जाता है। ऐसे में निजी एंबुलेंस चालक हर समय यहां देखे जाते हैं और जब भी कोई मरीज रेफर किया जाता है तो ये चालक उनके संपर्क में आकर उन्हें निजी एंबुलेंस से ले जाने के लिए बोलते हैं। मरीज की जान बचाने के चक्कर में परिजन निजी एंबुलेंस किराये पर कर लेते हैं लेकिन रास्ते में सरकारी अस्पतालों में उपचार की सुविधा अच्छी न होने की बात कह कर उन्हें निजी अस्पतालों में ले जाते हैं। जिससे मरीज को आर्थिक नुकसान तक उठाना पड़ता है। स्वास्थ्य विभाग को निजी एंबुलेंस चालकों के अस्पताल परिसर तथा आसपास मंडराने की शिकायतें मिल रही थी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा ने वीसी से राज्य के अस्पतालों में अनुशासन, जवाबदेही और 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से व्यापक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही खराब आधारभूत सुविधाओं के रखरखाव और अस्पताल प्रबंधन में ढिलाई अब किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को चेताया कि जहां भी जमीनी स्तर पर मानकों में कमी पाई जाएगीख वहां औचक निरीक्षण, छापेमारी और सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल परिसर में अगर कोई निजी एंबुलेस खड़ी मिलती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। बाकायदा पुलिस को भी शिकायत दी जाए।


जींद। नागरिक अस्पताल के गेट के पास खड़ी एंबुलेंस। फोटो :हरिभूमि

### शिकायत पर होगी कार्रवाई

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि कोई भी निजी एंबुलेंस चालक अपनी एंबुलेंस को नागरिक अस्पताल में खडा करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निजी एंबुलेंस को अस्पताल में खडा न करने को लेकर परिसर में नोटिस को चस्पा करवाया जाएगा। यदि कोई मरीज निजी एंबुलेंस चालक को लेकर शिकायत देता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अस्पताल की दीवार के साथ खड़ी होती हैं

नागरिक अस्पताल के साथ गोहाना रोड पर दीवार लगती है। जहां एंबुलेंस चालक हर समय अपनी एंबुलेंस खडा रखते हैं। यहीं से तुरंत एंबुलेंस को अस्पताल ले जाते हैं और मरीजों को निजी अस्पतालों तक पहुंचाते हैं।


कलायत। गांव कुराड में प्रदर्शनकारियों से बातचीत करते एसडीओ जितेंद्र सिंह।

## पॉवर कट से परेशान ग्रामीणों ने बिजली स्टेशन पर की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कुराड़ गांव स्थित बिजली स्टेशन पर ग्रामीणों ने बिजली संकट को लेकर बिजली स्टेशन पर तालाबंद कर दी। बृहस्पतिवार को भारी संख्या में महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों व युवाओं ने बिजली स्टेशन पर रोष प्रदर्शन किया। दो घंटे से अधिक समय चले प्रदर्शन के दौरान स्थिति पर काबू पाने के लिए बिजली निगम उप मंडल अभियंता जितेंद्र सिंह कर्मियों की टीम के साथ मौका स्थल पर पहुंचे। सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को लेकर थाना प्रबंधक सुभाष चंद्र भारी पुलिस बल के साथ डेरा डाले रहे। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से गांव में 24 घंटें बिजली सप्लाई देने की मांग की। साथ ही बिजली स्टेशन पर कार्यरत कर्मियों के तुरंत प्रभाव से तबादले का भी मुद्दा उठा। नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्रित होकर बिजली निगम स्टेशन पर तालाबंदी करते रोष प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में लंबे समय से बिजली की समस्या बनी हुई है। शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं हो रहा। दिन और रात में बार-बार अघोषित कट लगाए जा रहे हैं।

### जनजीवन प्रभावित

जिसके कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। गर्मी के मौसम में बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और बीमार लोगों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। बिजली न रहने से पेयजल आपूर्ति, घरेलू कार्य, पशुपालन और विद्यार्थियों की पढ़ाई तक प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार और बिजली निगम द्वारा बेहतर बिजली आपूर्ति के दावे किए जाते हैं। गांवों में बिजली कटों की कोई निश्चित समय सारिणी नहीं हैं। कभी रात में लंबे कट लग जाते हैं तो कभी दिन में बार-बार बिजली गुल हो जाती है। इससे किसानों और पशुपालकों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बिजली निगम उप मंडल अभियंता जितेंद्र सिंह ने क्रमवार ग्रामीणों को स्थिति से अवगत करवाया। जिस प्रकार धैर्य एवं संयम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुना उससे प्रदर्शनकारियों के तेवर नर्म पड़ते नजर आए। एसडीओ ने कहा कि बिजली सप्लाई को लेकर जो भी समस्या है उसको बिना देरी के दूर किया जाएगा। इ इसके अलावा वर्तमान परिस्थितियों में कर्मियों के अचानक तबादले से समस्या का हल करना मुश्किल रहेगा।


पाई। नई बिल्डिंग में शिफ्ट किए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए पहुंचे ग्रामीण।

### पाई का स्वास्थ्य केंद्र किराये की बिल्डिंग में शिफ्ट

**पाई।** पाई के ग्रामीणों को अब मौत के साय में अपना इलाज नहीं करवाना पड़ेगा और चिकित्सक भी बिना किसी डर भय के मरीजों का उपचार कर पाएंगे। अब पाई का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किराये की नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो गया है। विदित रहे कि पाई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की अपनी बिल्डिंग तो है, परन्तु वह जर्जर व कंडम हो चुकी है। इसके साथ साथ इसकी दिवारो में करंट भी आता था। जिस कारण से जगह-जगह चेतावनी बोर्ड भी करंट से बचने के लिए बोर्ड भी लगाये गये थे। ग्रामीणों ने वर्ष 2019 में इस बिल्डिंग को गिराकर मुख्य मार्ग पर नई बिल्डिंग बनाने की गुहार तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी लगा चुके थे। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा भी दिया था। उसके बाद ग्रामीण समय समय पर सरकार व जिला प्रशासन को अवगत भी करा रहे थे। जिला प्रशासन इस अस्पताल को चलाने के लिए किराए पर बिल्डिंग काफी समय से देख रहें थे और बिल्डिंग नहीं मिल रही थी। अब काफी समय बाद पूंडरी राजोंद मार्ग पर पुराने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया वाली सड़क पर बिल्डिंग मिल गई है।

### महंगाई के खिलाफ कांग्रेस आज करेगी धरना-प्रदर्शन

**पूंडरी।** पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा 22 मई को सुबह 9 बजे कैथल स्थित शहीदी स्मारक, भाई उदयवीर सिंह किला के नजदीक धरना एवं रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में पूंडरी विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे। कांग्रेस नेता सुरेश रोड ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जननायक राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी पूरे देश में भाजपा सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ जनता की आवाज बुलंद कर रही है।

## सीएम फ्लाइंग की छापेमारी में नौवीं कक्षा की साइंस की 483 किताबें मिली नकली

- टीम ने संदिग्ध किताबों को सील कर कब्जे में लिया, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सीएम फ्लाइंग और एनसीईआरटी की संयुक्त टीम ने वीरवार को कैथल के पिहोवा चौक स्थित नवीन बुक डिपो पर छापेमारी की। इस दौरान नौवीं कक्षा की साइंस की 483 किताबें मिली नकली। टीम में सीएम फ्लाइंग से कुरुक्षेत्र से पहुंचे एसआई राजबीर, एएसआई विक्रम और शिक्षा विभाग से डीएमएस छत्रपाल सिंह, डीईओ कार्यालय के अधीक्षक प्रवीन थरेजा मौजूद रहे। कार्यवाही के दौरान टीम सदस्यों ने दुकान में रखी किताबों और रिकॉर्ड की गहन जांच की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसर यह कार्यवाही करीब अढाई घंटे तक चली। टीम ने इस दौरान किताबों के स्टॉक, बिल और अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। बताया जा हरा है कि टीम ने संदिग्ध किताबों को सील कर अपने कब्जे में ले लिया। टीम अधिकारियों ने बताया कि टीम को शिकायत मिली थी कि दुकान में एनसीईआरटी की नकली किताबें बेची जा रही हैं, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। सीएम फ्लाइंग के एसआई राजबीर ने बताया कि गुप्त शिकायत के आधार पर बुक सेंटर पर पहुंचकर किताबों की जांच की गई है। इस दौरान दिल्ली से एनसीआरईटी की टीम भी शामिल रही। सैंपल के तौर पर किताबों को सील किया गया है।


कैथल। पिहोवा चौक पर किताबों की जांच करते अधिकारी।

### छोटे भाई की हत्या का आरोपी बड़ा भाई दबोचा

**जींद।** अलेवा खंड के गांव संडील में जमीन बंटवारा विवाद को लेकर बड़े भाई द्वारा छोटे भाई की हत्या के मामले में अलेवा थाना पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव संडील निवासी महेंद्र ने गत 19 मई को अलेवा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह चार भाई हैं। सबसे बड़ा रामफल, उससे छोटा व खुद व उससे छोटा सत्यवान है। जबकि सबसे छोटा खुशीराम था। चारों भाइयों के बीच जमीन को लेकर बंटवारा हुआ था। गत 19 मई को उनकी जमीन का बंटवारा करवाया गया था लेकिन उनका भाई सत्यवान जमीन को बेचना चाहता था। खुशीराम उसको जमीन बेचने से मना कर रहा था। जिसको लेकर सत्यवान तथा खुशीराम में झगडा हो गया। खुशीराम जब गली से गुजर रहा था तो सत्यवान ने उस पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया।

### पुलिस का उद्देश्य कैथल को नशा मुक्त बनानाः एसपी

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार सुबह थाना कलायत एसएचओ एसआई सुभाष की अगुवाई में कलायत में तथा थाना राजौंद प्रभारी इंस्पेक्टर रामनिवास की अगुवाई में गांव मंडवाल में संदिग्ध नशा व शराब तस्करों के घर व अन्य ठिकानो पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छिपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों व नशा तस्करों में भय उत्पन्न करना है। कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशा तथा शराब का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके साथ साथ पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन को समझाया गया कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा, इसके साथ साथ नशा ना करने बारे भी जागरूक किया।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री को अर्पित की श्रद्धांजलि

# आधुनिक भारत के निर्माता थे राजीव गांधी : हैबतपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर के गांधी नगर स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय में वीरवार को भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रख कर स्वर्गीय राजीव गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि 21 मई भारतीय राजनीति और लोकतंत्र के इतिहास का अत्यंत भावुक और स्मरणीय दिन है। इसी दिन देश ने एक ऐसे दूरदर्शी नेता को खो दिया था। जिसने भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने का सपना देखा और उसे साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी केवल एक राजनेता नही बल्कि आधुनिक सोच, तकनीकी क्रांति और युवा शक्ति के प्रतीक थे। देश में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की मजबूत नींव रखने का श्रेय काफी हद तक उन्हें ही जाता है। आज भारत जिस डिजिटल युग में आगे बढ़ रहा है, उसकी आधारशिला राजीव गांधी ने रखी थी। रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने, युवाओं को राजनीति में अवसर देने तथा शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में नई सोच विकसित करने का कार्य किया। ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए उन्होंने अनेक योजनाएं शुरू की। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी हमेशा देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि मानते थे। उनका मानना था कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता और युवा ऊर्जा है। भारत तब आगे बढ़ेगा जब गांव आगे बढ़ेंगेशएउनका यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है।



जींद। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को नमन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

श्रद्धांजलि सभा में अन्य वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी का जीवन यह संदेश देता है कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहींए बल्कि सेवाए विकास और जनकल्याण का संकल्प होना चाहिए। उन्होंने सरलता, विनम्रता और आधुनिक दृष्टिकोण से करोड़ों भारतीयों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने राजीव गांधी की पुण्यआत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर बलराम कटवाल, प्रमोद सहवाग, वजीर गंगोली, मंजीत सैनी, पवन ढुहन, राजा कंडेला, इशाक भट्टी, दिनेश डाहोला, विक्की पोडिया, कमल चौहान सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।